Class - 7
MID TERM EXAMINATION 2022-23
Subject - Hindi
Set - A2

Time Allowed - 3 hours M.Marks- 80

निर्देश : 1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या 1 से लेकर 12 हैं ।
2. उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

प्रश्न.1 . निम्नलिखित गद्यांश पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 6

राजा की बात सुनकर गंगा मन ही मन मुसकराई , परंतु क्रोध का अभिनय करते हुए बोली - " राजन् ! क्या आप अपना वचन भूल गए हैं ? मालूम होता है आपको पुत्र से ही मतलब है , मुझसे नहीं । आपको मेरी क्या परवाह है ! ठीक है , पर शर्त के अनुसार मैं अब नहीं ठहर सकती । हाँ , आपके इस पुत्र को मैं नदी में नहीं फेंकूँगी । इस अंतिम बालक को मैं कुछ दिन पालूँगी और फिर पुरस्कार के रूप में आपको सौंप दूँगी ।" यह कहकर गंगा बच्चे को साथ लेकर चली गई। यही बच्चा आगे चलकर भीष्म पितामह के नाम से विख्यात हुआ ।

क) गंगा ने राजा को क्या पुरस्कार स्वरूप देने की बात कही ?
ख) भीष्म पितामह के नाम से कौन विख्यात हुआ?
ग) गंगा ने राजा से क्या कहा ?

प्रश्न.2. सही विकल्प चुनिए - 5

क) 'दादी माँ' पाठ के लेखक हैं -
i) शिवमंगल सिंह 'सुमन' ii)जवाहरलाल नेहरू
iii) शिवप्रसाद सिंह iv) तेत्सुको कुरियानागी

ख) ' हम पंछी उन्मुक्त गगन के ' कविता के कवि हैं -
i)शिवमंगल सिंह 'सुमन' ii) नागार्जुन
iii) भवानीप्रसाद मिश्र iv) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

ग) 'तेत्सुको कुरियानागी' द्वारा रचित पाठ है -
i) रक्त और हमारा शरीर ii) मिठाईवाला
iii) अपूर्व अनुभव iv)दादी माँ

घ) 'हिमालय की बेटियाँ' पाठ के लेखक का नाम है -
i)अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' ii) नागार्जुन
iii)जवाहरलाल नेहरू iv)यतीश अग्रवाल

ङ) 'भवानी प्रसाद मिश्र' द्वारा लिखी गई कविता का नाम है -
i) हम पंछी उन्मुक्त गगन के ii) कठपुतली
iii)एक तिनका iv) पापा खो गए

प्रश्न.3. निम्नलिखित पद्यांश पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5

मूँठ देने लोग कपड़े की लगे ,

ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी
जब किसी ढब से निकल तिनका गया ,
तब ' समझ' ने यों उसे ताने दिए
ऐंठता तू किसलिए इतना रहा
एक तिनका है बहुत तेरे लिए

क) तिनका पड़ने पर लोगों ने क्या किया ? 1
i) चिल्लाने लगे ii)भागने लगे
iii)मूँठ देने लगे iv)इतराने लगे

ख) तिनका किस प्रकार निकला ? 1
i)किसी ढब से ii)हाथ से निकालने पर
iii)मूँठ देने से iv)बिना किसी प्रयास के

ग) 'समझ' ने क्या किया ? 1
i) शाबासी दी ii) ताने दिए
iii)प्रशंसा की iv) हैरान हो गई

घ) ऐंठ किस प्रकार भागी ? 1
i) दबे पाँव भागी ii) धीरे धीरे भागी
iii)बहुत जल्दी भागी iv) वहीं खड़ी रही

ङ) निम्नलिखित पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं ? 1
i)कठपुतली ii)एक तिनका
iii)शाम एक किसान iv)हम पंछी उन्मुक्त गगन के

प्रश्न.4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए - 12

क) हिमालय की बेटियाँ पाठ में लेखक ने नदी की तुलना बहन से क्यों की है?
ख) खून को भानुमती का पिटारा क्यों कहा गया है ?
ग) आपको दादी माँ के स्वभाव का कौन सा पक्ष सबसे अच्छा लगा ? अपने शब्दों में लिखिए ।
घ) यासुकी चान तथा तोत्तो चान दोनों के अपूर्व अनुभव क्या थे तथा दोनों के अपूर्व अनुभव एक दूसरे से भिन्न कैसे थे ?
ङ) यासुकी चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोत्तो चान ने अथक प्रयास क्यों किया ?

प्रश्न.5.निम्नलिखित में प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 9

क) एक तिनका कविता के माध्यम से प्राप्त शिक्षा अपने शब्दों में लिखिए ।
ख) हर प्रकार की सुख सुविधा होने के बाद भी पंछियों को स्वर्ण-शृंखला का बंधन क्यों अच्छा नहीं लगता ?
ग) सभी कठपुतलियाँ किस बात का समर्थन करती हैं ? उनकीं बातों से पहली कठपुतली पर क्या असर पड़ता है ?

प्रश्न.6 . दिए गए चित्र का वर्णन 40 से 50 शब्दों में कीजिए । 4



प्रश्न.7. निर्देशानुसार कीजिए - 13

क) भाववाचक संज्ञा लिखिए - (कोई एक) 1
प्रभु , अहम्

ख) अंकों को शब्दों में लिखिए -(कोई एक) 1
55 , 71

ग) वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए -(कोई एक) 1
आपका बेटा और बेटी दिखाई नहीं दे रही ।
क्या आप काम कर लिए हैं ।

ग) पर्यायवाची शब्द लिखिए -(कोई एक) 2
किरण , उन्नति

घ) श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द लिखिए -(कोई एक) 2
कोश , कोष गृह , ग्रह

ड़) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए -(कोई एक) 2
कीचड़ उछालना , गागर में सागर भरना

च) लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए - (कोई एक) 2
आँख का अंधा नाम नैनसुख , ऊँची दुकान , फ़ीका पकवान

छ) विराम चिह्न पहचानकर नाम लिखिए - (कोई दो ) 2
हम कल लाल किला **,** कुतुबमीनार तथा चिड़ियाघर घूमने गए ।
बीमार की देखभाल कौन करेगा **?**
'समाचार-पत्र'मनुष्य को देश , विदेश की जानकारी देते हैं ।

प्रश्न.8. निर्देशानुसार सही विकल्प चुनिए- 6

क) 'स्वामी' का स्त्रीलिंग लिखिए - 1
i) स्वामीनी ii) स्वामिनी

iii)स्वमीनी | iv) साव्मीनी

ख) 'साँस' का बहुवचन शब्द है - 1

i) साँसें | ii) सासे
iii)सांसें | iv) साँसे

ग) 'उपस्थित' का विलोम शब्द है - 1

i)अनउपस्थित | ii) अनुपस्थित
iii) अनूपस्थित | iv) अनुपस्थिति

घ) बढ़ा-चढ़ाकर कहे गए कथन के लिए एक शब्द है - 1

i) अतीशयोक्ति | ii) अतशयोक्ति
iii) आतिशयोक्ति | iv) अतिशयोक्ति

ड़) 'अलि' के अनेकार्थी शब्द हैं - 2

i)भ्रमर , कोयल , मित्र | ii) भ्रमर , कोयल ,बिच्छू
iii)कोयल , मित्र , बिच्छू | iv) भ्रमर , बिच्छू , दंड

प्रश्न.9. पदभेदानुसार कीजिए - 4

क) **कुछ** विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन किया ।

i) पुरुषवाचक सर्वनाम | ii) गुणवाचक विशेषण
iii) जातिवाचक संज्ञा | iv) संख्यावाचक विशेषण

ख) वह मकान गिर गया , **जिसकी** दीवार कच्ची थी ।

i) संबंधवाचक सर्वनाम | ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा
iii) निजवाचक सर्वनाम | iv) सार्वनामिक विशेषण

ग) हम सभी ने पुस्तक **पढ़ी** ।

i) अकर्मक क्रिया | ii) सकर्मक क्रिया
iii) गुणवाचक संज्ञा | iv) सार्वनामिक विशेषण

घ) शहरों में सड़क पर अनगिनत **गाड़ियाँ** चलती हैं ।

i) व्यक्तिवाचक संज्ञा | ii) गुणवाचक विशेषण
iii) जातिवाचक संज्ञा | iv) पुरुषवाचक सर्वनाम

प्रश्न.10. निम्नलिखित में से **कोई तीन** परिभाषाएँ लिखिए - 2x3 = 6

शब्द , स्वर , व्याकरण , भाषा

प्रश्न.11. कक्षा का अनुभाग बदलवाने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए - 5

या

खेलों का महत्त्व बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए ।

प्रश्न.12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । 5

i ) स्वतंत्रता का महत्त्व | ii) पुस्तकों का महत्त्व
iii) पराधीन सपनेहु सुख नाहीं | iv) आत्मनिर्भरता